**लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी, (राजस्व)**
**(जिला कलक्टर) चित्तौड़गढ़**
**पीठासीन अधिकारी तारा चन्द मीणा, आई.ए.एस.**

प्रकरण संख्या / 54 / 2021 (सू.अ.)
पंजीयन दिनांकः– 22.04.2021
G.C.M.S. NO. :- 2021/187

श्री श्यामलाल पिता रामचन्द्र जी टेलर निवासी सदर बाजार, भादसोड़ा, तहसील भदेसर

**बनाम**

लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम–2005

**निर्णय**

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

**दिनांक 18.05.2021**

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ के यहां सूचना चाहने हेतु एक आवेदन दिनांक 12.03.2021 को प्रस्तुत किया। प्रस्तुत आवेदन पर 30 दिवस की अवधि में भी अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना उपलब्ध नहीं कराने से अपीलार्थी द्वारा यह अपील प्रस्तुत की गई।

अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर इस न्यायालय के पत्रांक प्र.सं. सूचना का अधिकार 54 / 2021 / (18.05) / 383 दिनांक 22.04.2021 से लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ को दिनांक 18.05.2021 से पूर्व कमेंट्स प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित करते हुए, अपीलार्थी को भी समसंख्यक पत्रांक (रजिस्टर्ड) से नियत दिनांक 18.05.2021 को अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित होने के लिये लिखा गया।

अपीलार्थी ने अपने प्रार्थना पत्र कमांक 1898 दिनांक 06.05.2021 से अपना पक्ष रखा कि उसके द्वारा आवेदन दिनांक 12.03.2021 से वांछित सूचना / दस्तावेज उसे लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) द्वारा आदिनांक [illegible] उपलब्ध नहीं कराए गए हैं अतः वांछित सूचना दिलाने का आदेश प्रदान करावें।

Signature Not Verified
Digitally signed by Tara Chand Meena
Date: 2021.06.23 12:23:13 IST
Reason: SelfAttested

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
(जिला कलक्टर)
चित्तौड़गढ़ (राज.)

| प्रकरण संख्या 54 / 2021 (सू.अ.) |
|---|
| श्री श्याम लाल टेलर निवासी भादसोड़ा बनाम लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ |

लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ ने उक्त प्रकरण में आदिनांक तक कमेन्ट्स प्रस्तुत नहीं किए।

अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत आवेदन दिनांक 12.03.2021 से दो बिन्दुओं पर सूचना/प्रमाणित प्रतिलिपियां चाही गई, परन्तु लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ की टिप्पणी प्राप्त नहीं होने के कारण यह स्पष्ट नहीं है कि उनके स्तर पर इस आवेदन पत्र पर क्या कार्यवाही की गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलार्थी स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ को निर्देशित किया जाता है कि अपीलार्थी को 15 दिवस में वांछित सूचना निः शुल्क उपलब्ध करा पालना से अवगत करावें।

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

(तारा चन्द मीणा)
आई.ए.एस.
लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्र./सरिश्ता/प्र.सं./54/2021(सू.अ.)/406 दिनांकः– 18/05/2021

प्रतिलिपिः–

1. लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़
2. श्री श्यामलाल टेलर पिता रामचन्द्र जी टेलर निवासी सदर बाजार, भादसोड़ा, तहसील भदेसर, जिला चित्तौड़गढ़

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

Signature Not Verified

Digitally signed by Tara Chand Meena
Date: 2021.06.23 12:23:13 IST
Reason: SelfAttested